# जयपुर में यातायात के रीयल टाइम मैनेजमेंट के लिए नया इंटीग्रेटेड कमाण्ड सेंटर बनेगा

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जेडीए, परिवहन, ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम को दिए निर्देश

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर शहर की यातायात व्यवस्था के रीयल टाइम मैनेजमेंट के लिए नया इंटीग्रेटेड कमाण्ड सेंटर स्थापित करने की कार्ययोजना बनाने के लिए जेडीए, परिवहन, ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम को आपसी समन्वय से काम करने के विशेष दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यातायात प्रबंधन एवं सुरक्षा की दृष्टि से इस सेंटर को मॉडल सेंटर भी बनाया जाए। शर्मा गुरुवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में जयपुर शहर के यातायात सुधार के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि, जयपुर शहर में यातायात प्रबंधन एवं सुधार के लिए प्रगतिरत विभिन्न जेडीए प्रोजेक्ट्स को समय-सीमा में पूरा करें। इस काम में लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारी तथा निर्माणकर्ता के विरूद्ध परफॉर्मेंस एवं लिक्विडिटी पैनल्टी की कार्यवाही की जाए। यातायात को सुगम एवं सुरक्षित बनाने की कार्ययोजना को जेडीए एवं यातायात पुलिस संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर शीघ्र लागू करें।

उन्होंने जेडीए को सीबीआई फाटक, सालिग्रामपुरा फाटक एवं सिविल लाइन फाटक आरओबी, गोपालपुरा एलिवेटेड रोड, सांगानेर एलिवेटेड रोड के काम को गति प्रदान करने एवं पूर्ण गुणवत्ता से पूरा करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही, उन्होंने जेएलएन मार्ग पर यातायात प्रबंधन का प्रभावी प्लान बनाने के भी निर्देश दिए।



**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को जयपुर शहर के यातायात सुधार के लिए अधिकारियों की उच्चस्तरीय बैठक ली।**

मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित अरण्य भवन-जगतपुरा एलिवेटेड रोड की डीपीआर को शीघ्र तैयार करने, अजमेर रोड पर पुरानी चुंगी अंडरपास तथा राम मंदिर-रेलवे यार्ड-रेलवे सर्किल के बीच वैकल्पिक मार्ग के लिए प्रस्तावित आरओबी की ट्रैफिक दबाव का आकलन कर पुन: फिजिबिलिटी रिपोर्ट बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि द्रव्यवती एलिवेटेड कॉरिडोर की डीपीआर भी शीघ्र तैयार की जाए। शर्मा ने कहा कि महल रोड, सीकर रोड और न्यू सांगानेर रोड को सिग्नल फ्री बनाने एवं बेहतर ट्रैफिक मैनेजमेंट के लिए डबल यू-टर्न बनाने की कार्ययोजना पर शीघ्र काम प्रारंभ किया जाए। साथ ही, उन्होंने कहा कि आमजन को जाम से राहत दिलाने के लिए रामबाग चौराहे पर बनाई गई फ्री-लेफ्ट टर्न व्यवस्था को शहर के महत्वपूर्ण व्यस्ततम मार्गों एवं प्रमुख चौराहों पर भी लागू किया जाए।

मुख्यमंत्री ने जेडीए को ट्रैफिक के बढ़ते दबाव को संतुलित करने के लिए चिन्हित चौराहों पर लेन निर्धारण एवं गोलचक्कर निर्माण सहित आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने जेडीए एवं यातायात पुलिस को शहर के प्रमुख मार्गों पर

- **प्रगतिरत आरओबी तथा एलिवेटेड रोड के निर्माण कार्य को गति देने, प्रमुख मार्गो पर डबल यू-टर्न और फ्री लेफ्ट टर्न लागू करने के आदेश**
- **शहर में अनियमित मीडियन ओपनिंग को जल्द बंद करने तथा पार्किंग स्थलों का व्यवस्थित व नियमानुसार संचालन सुनिश्चित करें : मुख्यमंत्री**
- **निर्माण कार्यों में लापरवाही करने वालों पर ठोस कार्यवाही करें, जेएलएन मार्ग पर यातायात प्रबंधन का प्रभावी प्लान बनाएं : भजनलाल शर्मा**

अनियमित मीडियन ओपनिंग को जल्द बंद करने तथा यू-टर्न स्थानों को चिन्हित कर कार्यशील बनाने के लिए भी निर्देशित किया।

शर्मा ने प्रमुख चौराहों और बाजारों में पैदल यात्रियों को सुरक्षित रूप से सड़क पार करने के लिए नियंत्रित क्रॉसिंग व्यवस्था को विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय क्षेत्र को सुरक्षित बनाने के लिए स्पष्ट संकेत बोर्ड, गति नियंत्रण एवं जेबरा क्रॉसिंग की व्यवस्था की सुनिश्चितता के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि महल रोड, डिग्गी रोड और कालवाड़ रोड पर स्कीमों की सेक्टर रोड की कार्यवाही को गति प्रदान की जाए। वहीं, जेडीए, नगर निगम और यातायात पुलिस को जयपुर शहर में पार्किंग से संबंधित सभी स्थानों के सुव्यवस्थित एवं नियमानुसार संचालन के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने यातायात पुलिस को स्वयंसेवी संस्थाओं का साथ लेकर आमजन को नियमों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। वहीं, उन्होंने एफएम के माध्यम से भी यातायात नियमों के प्रति जागरूकता संदेश प्रसारित करने एवं चालान के साथ संबंधित व्यक्ति को संक्षिप्त नियमावली भी प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया।

मुख्यमंत्री को यातायात पुलिस ने वीओसी मोबाइल एप से की जा रही प्रभावी कार्रवाई, आईटीएमएस, यातायात संचालन में ड्रोन तकनीक से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से दी। बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित मुख्यमंत्री कार्यालय, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, वित्त, परिवहन, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर जिला कलक्टर, जयपुर पुलिस कमिश्नर सहित यातायात पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## विधायक मुकेश भाकर और मनीष यादव समेत 9 लोग बरी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** अतिरिक्त सत्र न्यायालय क्रम-9 ने 12 साल पहले छात्र जीवन में राजस्थान विश्वविद्यालय के बाहर रास्ता रोककर उपद्रव करने के आरोप से लाडनूं विधायक मुकेश भाकर और शाहपुरा विधायक मनीष यादव सहित कुल 9 लोगों को मिली सजा को रद्द करते हुए उन्हें बरी कर दिया है। एसीजेएम कोर्ट ने गत वर्ष 17 जून को इन्हें एक-एक साल की सजा सुनाते हुए प्रत्येक पर 3200 रुपए का जुर्माना लगाया था। हालांकि अदालत ने सजा सुनाने के बाद अपील पेश करने के लिए समय देते हुए दोनों विधायकों सहित द्रोण यादव, भानू प्रताप सिंह, अभिषेक चौधरी, राजेश मीणा, रवि किराड, वसीम खान, और विद्याधर मील को जमानत पर रिहा कर दिया था।

इस आदेश को चुनौती देते हुए कहा कि निचली अदालत ने पत्रावली पर मौजूद तथ्यों के बाहर जाकर उन्हें दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई है। इसके अलावा मामला पूरी तरह राजनीति से प्रेरित है। ऐसे में निचली अदालत के आदेश को रद्द कर उन्हें बरी किया जाए। मामले के अनुसार 13 अगस्त, 2014 को एसआई ओमप्रकाश ने गांधीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि विवि के कुलपति की ओर से बिना नंबर की जीप को पकड़ने की सूचना पर वह विवि गया था। वहां छात्र नेता राजेश मीणा और द्रोण यादव सहित अन्य ज्ञापन देने आए थे। करीब दो बजे आरोपियों के नेतृत्व में एनएसयूआई के करीब दो सौ छात्र विवि के बाहर नारेबाजी कर सीसेट का विरोध कर रहे थे।

इन्होंने अचानक दौडकर जेएलएन मार्ग जाम कर दिया। इस दौरान करीब बीस मिनट रोड जाम होने से यातायात अवरुद्ध हो गया। इसके बाद छात्रों को हटाकर रास्ता खुलवाया गया। रिपोर्ट पर जांच के बाद पुलिस ने अदालत में आरोप पत्र पेश किया था।

## आईपीएल मैच में ऑनलाइन सट्टा लगाते चार गिरफ्तार





-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** जवाहर सर्किल थाना पुलिस और जिला विशेष ईस्ट की स्पेशल टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आईपीएल मैच में ऑनलाइन सट्टा खिलाते हुए चार सटोरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि गिरफ्तार अभियुक्त ऑल पैनल एक्चैज एप के जरिए ग्राहकों को जोड़कर लाइन मैच का सट्टा खिलवाते है।

डीसीपी ईस्ट रंजीता शर्मा ने बताया कि सूचना मिली थी कि जवाहर सर्किल स्थित गोकुल धाम अपार्टमेंट - 2 में एक फ्लैट में दिल्ली कैपिटल्स वर्सेज गुजरात टाइटंस मैच का ऑन लाइन सट्टे का व्यवसाय किया जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर किशन मीणा (32), खालिद (24), कुशाल थदानी (30) और दिनेश (30) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ऑनलाइन सट्टे के काम में लिए जाने वाले उपकरण 1 लैपटॉप, 1 आईपैड, 2 एंड्रॉयड मोबाइल, 2 कीपैड फोन, 1 कैलकुलेटर और 2 लाख रुपए से ज्यादा का ऑनलाइन हिसाब जब्त किया गया। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि गिरफ्तार सटोरिए ऑल पैनल एक्सचेंज एप के जरिए ग्राहकों को जोड़कर लाइव मैच के भाव उपलब्ध कराते थे। ग्राहक अपनी पसंद की टीम और स्कोर पर रकम लगाते थे। हार-जीत के बाद आरोपी फोन और कैश के जरिए हिसाब निपटाते थे। इसके लिए अलग से एक व्यक्ति को सिर्फ ऑनलाइन हिसाब-किताब संभालने के लिए बैठाया गया था।

- **मोबाइल एप के जरिए ग्राहकों को जोड़कर देते थे मैच का भाव**
- **पुलिस ने मौके से जब्त की लाखों रुपए के हिसाब की पर्चियां**

## लोन इंश्योरेंस का क्लेम नहीं देने पर बीमा कंपनी पर हर्जाना

**जयपुर** (कासं)। जिला उपभोक्ता आयोग क्रम- 4 ने लोन को सुरक्षित करने के लिए बीमा देने और इस दौरान ऋणी की मौत के मामले में बीमा कंपनी नीवा बूपा को आदेश दिए हैं कि वह लोन की बकाया राशि 48.12 लाख व 11.46 लाख रुपए बैंक को तीन माह में अदा करे। वहीं आयोग ने बैंक को कहा है कि वह परिवादी से किसी तरह की पेनल्टी वसूल नहीं करे। इसके साथ ही आयोग ने बीमा कंपनी पर क्लेम नहीं देने पर पचास हजार रुपए का हर्जाना भी लगाया है। आयोग अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा और सदस्य पूजा मित्तल व नीलम शर्मा ने यह आदेश मिंटू शर्मा की ओर से दायर परिवाद पर सुनवाई करते हुए दिए। परिवाद में कहा गया कि उसके पति ने बैंक से अपनी संपत्ति पर 12 लाख रुपए का लोन लिया था। वहीं बाद में बेटे के कैंसर के इलाज के लिए रुपए की जरूरत होने पर पचास लाख रुपए का और लोन ले लिया। इस दौरान लोन राशि को सुरक्षित करने के लिए बैंक ने दोनों लोन खातों पर परिवादी का बीमा कर दिया। जिसकी अवधि नवंबर, 2021 से नवंबर, 2026 तक थी। परिवाद में कहा गया कि मार्च, 2023 में उसके बेटे की मौत होने के बाद 18 अगस्त, 2023 को उसके पति की भी मौत हो गई। परिवाद में कहा गया।

# जल जीवन मिशन घोटाले में रिटायर्ड आई.ए.एस. सुबोध अग्रवाल गिरफ्तार

## एसीबी टीम उन्हें दिल्ली से हिरासत में लेकर जयपुर लाई

**जयपुर** (कासं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने जल जीवन मिशन से जुड़े बहुचर्चित घोटाले में बड़ी कार्रवाई करते हुए सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी सुबोध अग्रवाल को गिरफ्तार किया है। उन्हें दिल्ली से हिरासत में लेकर जयपुर लाया गया। पूर्व आईएएस सुबोध अग्रवाल के खिलाफ जेजेएम घोटाले में गिरफ्तारी वारंट जारी था।

एसीबी के महानिदेशक (डीजी) गोविंद गुप्ता ने बताया कि जल जीवन मिशन से जुड़े बहुचर्चित घोटाले में कार्रवाई करते हुए पूर्व आईएएस अधिकारी सुबोध अग्रवाल को गिरफ्तार किया है। वहीं साल 2024 में शुरू हुई जांच में अब तक 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि 3 आरोपी फरार है।

गोविंद गुप्ता ने बताया कि एसीबी मे मामला दर्ज होने के बाद सामने आया कि फर्जी दस्तावेजों के जरिए टेंडर प्रक्रिया में अनियमितताएं कर करीब 960 करोड़ रुपए के कार्य प्राप्त किए गए। मामले में विभिन्न फर्मों और उच्च स्तर के अधिकारियों की मिलीभगत से व्यापक भ्रष्टाचार किया जाना सामने आया है।

- **अग्रवाल के खिलाफ जेजेएम घोटाले में गिरफ्तारी वारंट जारी था**

जांच में यह भी सामने आया कि बड़े प्रोजेक्ट्स (50 करोड़ रुपए से अधिक) की निविदाओं में नियमों के विपरीत शर्तें जोड़कर टेंडर प्रक्रिया को प्रभावित किया गया, जिसमें 30 से 40 प्रतिशत तक अधिक प्रीमियम पर टेंडर स्वीकृत किए गए। इन टेंडरों की कुल राशि करीब 20 हजार करोड़ रुपए बताई जा रही है।

एसीबी ने बताया कि इस मामले में अब तक 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि तीन अन्य फरार आरोपियों के खिलाफ स्थायी वारंट जारी किए गए हैं और उन्हें घोषित अपराधी घोषित करने की प्रक्रिया चल रही है।

गौरतलब है कि एसीबी ने जेजेएम घोटाले को लेकर 17 फरवरी को बड़ी कार्रवाई की थी। इस दौरान जयपुर, बाड़मेर, जालोर, सीकर, बिहार, झारखंड और दिल्ली सहित कुल 15 जगहों पर छापेमारी की गई थी।

जांच में फर्जी बिल, वित्तीय गड़बड़ियों और टेंडर प्रक्रिया में अनियमितता सामने आई थी। 17 फरवरी को ही सुबोध अग्रवाल के घर पर भी छापेमारी की गई थी। इसी दिन जलदाय विभाग के 9 अफसरों को पकड़ा गया था। 18 फरवरी को सुबोध अग्रवाल के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी हुआ था।

प्रकरण में विस्तृत जांच जारी है और तकनीकी व दस्तावेजी साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार इस घोटाले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है तथा आगे और गिरफ्तारियां संभव हैं।

# "ट्री हाऊस हाई स्कूल" में तीसरे दिन भी नहीं हुई बच्चों की पढ़ाई

## स्कूल बंद करने के निर्णय के विरोध में अभिभावक लगातार दूसरे दिन भी परेशान हुए

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** राजधानी जयपुर के श्याम नगर इलाके में "ट्री हाऊस हाई स्कूल" तीसरे दिन गुरूवार को भी बंद रहा। बच्चे और अभिभावक स्कूल तो पहुंचे, लेकिन अध्यापन कार्य नहीं हुआ। ऐसे में दिनभर अभिभावकों ने स्कूल सुचारू करने को लेकर प्रिंसिपल से माथापच्ची की, लेकिन प्रिसिंपल ने साफ मना कर दिया कि फिलहाल स्कूल संचालित नहीं हो पायेगा।

जिन अभिभावकों ने स्कूल फीस, किताबों व अन्य सामग्री के लिए भुगतान कर दिया है, उन्हें हम रिफंड कर देंगे। कुछ अभिभावकों को स्कूल की ओर से चैक दिए जाने की बातें भी सामने आ रही है, लेकिन उन्हें भुगतान कब होगा और कितना होगा, इसके बार अभी कुछ स्पष्ट नहीं है। जबकि कुछ लोगों से फीस रिफंड व टी.सी. प्राप्त के लिए फॉर्म भरवाए गए, लेकिन यह नहीं बताया कि उन्हें पैसा कब लौटाया जाएगा। परंतु अभिभावकों को स्कूल संचालकों पर बिलकुल भी भरोसा नहीं है कि, वह पैसा लौटाएगा। क्योंकि जो स्कूल पिछले 4 साल से बिल्डिंग का किराया नहीं चुका रहा, वह अभिभावकों के साथ खरा उतरेगा, इसकी क्या गारंटी है। इस विवाद के बीच बच्चों की पढ़ाई को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। उधर शिक्षा विभाग ने भी अभी तक स्कूल संचालकों पर कोई एक्शन नहीं लिया है। सबसे ज्यादा परेशानी उन अभिभावकों को है, जिनके बच्चों का एडमिशन आर.टी.ई. के जरिए हुआ था, लेकिन अब अगर स्कूल बंद होता है तो इन बच्चों को अन्य स्कूलों में भी दाखिला कैसे मिलेगा, क्योंकि हर स्कूल का निर्धारित कोटा होता है।

ज्ञात रहे कि, स्कूल संचालक विद्या भारती समिति ने यह बिल्डिंग और जगह अरिहंत एंटरप्राइजेज़ के मालिक विनय चौरडिया से 10.67 लाख रु. प्रतिमाह किराये पर ली गई थी। परंतु पिछले 4 वर्षों से स्कूल संचालक राजेश भाटिया किराया नहीं चुका पा रहे, जिस पर दोनों पक्षों के बीच बकाया 4.21 करोड़ रुपए को लेकर भारी विवाद है। इसी बीच राजेश भाटिया गत मंगलवार को अभिभावकों को सूचना दिए बिना ही स्कूल की इमारत का कब्जा विनय चौरडिया को सौंपकर मुंबई चले गए। अब स्कूल में एडमिशन लेकर शैक्षणिक सत्र 2026-27 की फीस दे चुके बच्चों तथा अभिभावकों की परेशानी सुनने वाला कोई नहीं है। बच्चों के भविष्य और पढ़ाई का आगे क्या होगा, इस पर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। दरअसल गत मंगलवार से "ट्री हाऊस हाई स्कूल" में बच्चों की पढ़ाई नहीं हो रही है। स्कूल में फिलहाल 180 से ज्यादा विद्यार्थी है। स्कूल प्रशासन ने मंगलवार को पेयजल संकट बताते हुए छुट्टी कर दी थी। बुधवार को जब स्कूल में 50-60 अभिभावक पहुंचे तो पूरा मामला खुलकर सामने आ गया। इस पर अभिभावकों की स्कूल प्रिंसिपल से तनातनी हो गयी थी। जिसके कारण गुरूवार सुबह 11 बजे जब प्रिंसिपल स्कूल में पहुंची तो उनके साथ पुलिस सुरक्षा भी थी। परंतु अभिभावकों की नाराजगी पूर्ववत थी। नाराज अभिभावकों ने पिछले 3 दिनों से स्कूल में बच्चों की पढ़ाई नहीं करवाने को लेकर कड़ी आपत्ति जताई। लगभग सभी विद्यार्थी गुरूवार को भी स्कूल पहुंचे थे। इसके पीछे कारण यह था कि बुधवार को सिविल लाइंस विधायक जब मौके पर पहुंचे थे तो उन्होंने दावा किया था कि वे स्कूल में पढ़ाई बाधित नहीं होने देंगे। परंतु विधायक के वादे को धत्त बताते हुए स्कूल गुरूवार को भी बंद रखा गया।

अभिभावकों का कहना है कि, राजेश भाटिया और विनय चौरडिया ने आपस में क्या समझौता किया, इससे हमें कोई लेना-देना नहीं है। इन दोनों ने आपसी राजीनामे से अपना-अपना हित तो साध लिया, लेकिन किसी ने भी विद्यार्थियों और अभिभावकों की परेशानी समझनी ही नहीं चाही। इन दोनों ने ना तो किसी अभिभावक से इस बारे में बात की और ना ही किसी विद्यार्थी को स्कूल बंद करने की कोई जानकारी दी। ऐसे में सभी अभिभावक अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे है। अगर यह मामला कोर्ट के आदेश पर निपटाया गया होता तो अदालत बच्चों और अभिभावकों के हितों का ध्यान रखती।

उधर अभिभावक जहां एक ओर "ट्री हाऊस हाई स्कूल" में जमा करवा चुके फीस को लेकर चिंतित है, वहीं दूसरा बड़ा चिंता का विषय यह भी है कि अन्य स्कूलो में अब उनके बच्चों को दाखिल मिल भी पाएगा या नहीं। क्योंकि वर्ष 2026-27 का नया शैक्षणिक सत्र शुरू हुए 9 दिन का समय बीत चुका है, ऐसे में लगभग सभी स्कूलों में सीटें भर गयी है। गुरूवार को भी स्कूल में जब अभिभावकों के विरोध और नाराजगी से हंगामे की स्थिति बनी तो विधायक गोपाल शर्मा स्कूल में पहुंचे। उन्होंने शुक्रवार को इस मामले को लेकर कमेटी बनाने, शिक्षा विभाग के अधिकारियों से बात करने तथा बच्चों की पढ़ाई नियमित रखने जैसे वादे पुन: किए। परंतु अभिभावकों ने साफ कह दिया कि, शुक्रवार को हम स्वयं शिक्षा विभाग जाकर स्कूल बंद करने की शिकायत दर्ज करवाएंगे।



**राजधानी जयपुर के श्याम नगर इलाके में "ट्री हाऊस हाई स्कूल" तीसरे दिन गुरूवार को भी बंद रहा, जिसे लेकर अभिभावकों ने कड़ी नाराजगी जताई।**

- **प्रिंसिपल ने कुछ अभिभावकों को चैक से फीस रिफंड करने का वादा किया, लेकिन अभिभावक उनकी बातों पर भरोसा नहीं करना चाहते**
- **अभिभावकों ने साफ कहा है कि जो स्कूल पिछले 4 साल से किराया नहीं चुका रहा, वह अभिभावकों की फीस लौटाएगा, इसकी क्या गारंटी है?**
- **सबसे ज्यादा परेशानी उन अभिभावकों को है, जिनके बच्चों का एडमिशन आरटीई में हुआ, अगर स्कूल बंद होता है तो इन बच्चों को अन्य स्कूलों में दाखिला कैसे मिलेगा, क्योंकि हर स्कूल का निर्धारित कोटा होता है।**
- **स्कूल संचालकों की मनमानी और 3 दिन से पढ़ाई नहीं करवाने की शिकायतें शुक्रवार को शिक्षा विभाग से करेंगे अभिभावक**

## सार-समाचार

### पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता में 7 टीमें शामिल



**जयपुर ।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष में पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल के मार्गदर्शन मे तृतीय अंतर जिला रेंज स्तरीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता 2025 का आयोजन रिजर्व पुलिस लाइन चांदपोल जयपुर में किया गया। इस प्रतियोगिता मे कुल 07 टीमों-उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम, मेट्रो, यातायात एवं पुलिस लाइन-ने भाग लिया। प्रतियोगिता में तीरंदाजी, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन, आर्म्स रेसलिंग, बास्केटबॉल एवं योगा खेल आयोजित हुए, जिसमें कुल 112 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। सभी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय दिया। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (यातायात एवं प्रशासन) योगेश दाधीच, पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) राजेश कांवट, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पार्थ शर्मा एवं लखन मीणा सहित पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कलाम महाविद्यालय के भवन का शुभारंभ



**जयपुर ।** ए.पी.जे. अब्दुल कलाम राजकीय कन्या महाविद्यालय गंगापोल के नव-निर्मित भवन का शुभारंभ हवामहल विधायक स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज ने किया। उन्होंने फीता काटकर भवन में प्रवेश कराया। इसके पश्चात सरस्वती पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. हेमंत पारीक ने की, जबकि संचालन चेतन सहल द्वारा किया गया। विधायक बालमुकुंदाचार्य ने छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ खेल-कूद में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल गतिविधियाँ अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने महान वैज्ञानिक डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के जीवन से प्रेरणा लेने तथा उनके आदर्शों को अपनाने का आव्हान किया। उन्होंने महाविद्यालय परिसर में बास्केटबॉल एवं वॉलीबॉल कोर्ट का निर्माण, टेबल टेनिस, कैरम बोर्ड एवं शतरंज जैसी इनडोर खेल सुविधाओं की व्यवस्था तथा खेल सामग्री उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही पुस्तकालय के सुदृढ़ीकरण, कंप्यूटर लैब की स्थापना तथा कैंटीन प्रारंभ करने की भी सहमति प्रदान की।

### आरएए इंडिया की कार्यकारिणी घोषित

**जयपुर ।** आरजे एंड एंकर एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आरएए इंडिया) द्वारा नई कार्यकारिणी के सम्मान में समारोह का आयोजन कूकस स्थित विरासत हेरिटेज रेस्टोरेंट में किया। फाउंडर्स मनु.के.मीना और दीपक गौतम ने बताया कि इस अवसर पर देश के विभिन्न शहरों से रेडियो जॉकी, एंकर, इवेंट मैनेजर एवं ट्रैवल इंडस्ट्री से जुड़े प्रोफेशनल्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने मिलकर नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं तथा आपसी नेटवर्किंग और सहयोग को सशक्त बनाने पर जोर दिया। नई कार्यकारिणी में एंकर अजीत सिंह, अध्यक्ष; डेविड एवं शिप्रा शर्मा, उपाध्यक्ष; पल ओबेरॉय, महासचिव; कौशल सोनी, कोषाध्यक्ष; कुनाल धवर एवं रचित गुप्ता, संयुक्त सचिव; चेतन छाबड़िया, सांस्कृतिक प्रमुख रहे।

### आदिनाथ प्रश्नोत्तरी के परिमाण जारी

**जयपुर ।** अखिल भारतीय जैन बैंकर्स जयपुर द्वारा आदिनाथ जन्म कल्याणक अवसर पर आयोजित प्रश्नोत्तरी के परिणाम घोषित कर दिए गए है। संयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर डॉ. निशा जैन अंबाला कैंट, डी.सी.जैन गुड़गांव, विमल जैन अलवर ने एवं द्वितीय स्थान सुरेश कुमार जैन मंगलम आनंदा, साधना जैन गुड़गांव, रितिका जैन गुड़गांव एवं नवलकिशोर शांतिनगर जयपुर ने प्राप्त किया है। अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर के अध्यक्ष भाग चन्द जैन मित्रपुरा ने बताया कि देश की विभिन्न स्थानों यथा ग्वालियर, गाजियाबाद, बाराबंकी, उदयपुर, पांडिचेरी, बड़ौत, बोरसदा, गुरुग्राम, कोटा, दिल्ली, रेवाड़ी, रामगंज मंडी, देहरादून, जलपाईगुड़ी, फरीदाबाद, सनावद, बुढ़ाना, नागपुर, इंदौर, सवाईमाधोपुर, मनाली व जयपुर के प्रतिभागी जुड़े।